भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1872
दिनांक 11 मार्च, 2025 / 20 फाल्गुन, 1946 (शक) को उत्तर के लिए

एनसीआर में मोबाइल चोरी

†1872. श्री माथेश्वरन वी. एस.:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2019 से अब तक दिल्ली में हुई मोबाइल छीना-झपटी का ब्यौरा क्या है तथा बरामद किये गए मोबाइल फोनों की संख्या क्या है; और

(ख) एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल चोरी को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली पुलिस ने क्या कदम उठाए हैं ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क): दिल्ली पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए 2019 से 28.02.2025 तक की अवधि के लिए अपेक्षित विवरण अनुलग्नक 'क' में हैं।

(ख): दिल्ली पुलिस ने अपराध को नियंत्रित करने और दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं, जिसमें सड़कों पर पुलिस की दृश्यता बढ़ाना, स्थानीय पुलिस, पीसीआर स्टाफ और यातायात पुलिस द्वारा एकीकृत गश्त, स्थानीय पुलिस द्वारा दो पहिया वाहनों की नियमित जांच, और यातायात और पीसीआर के साथ संयुक्त जांच, शहर के अपराध हॉटस्पॉट स्थानों पर गश्त के लिए प्रखर (स्ट्रीट क्राइम पेट्रोल वैन), संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई, जन संपर्क और अन्य सामुदायिक दृष्टिकोण कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिक केंद्रित पुलिसिंग, आदि शामिल हैं।

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1872, दिनांक 11.03.2025

अनुलग्नक

2019 से 28.02.2025 तक दिल्ली में हुई मोबाइल छिनैती का विवरण

वर्ष	मोबाइल छिनैती के मामले	
	छीने गए मोबाइल फोन की संख्या	बरामद किए गए मोबाइल फोन की संख्या
2019	3,549	1,240
2020	5,580	1,668
2021	6,989	1,950
2022	6,382	1,919
2023	5,873	1,776
2024	4,749	1,572
2025 (28.02.2025 तक)	589	165

****